नोएडा से आई टीम ने आवास योजना का हाल लिया

टीम के लोगों ने ईओ और सभासदों के साथ की बैठक

अमर उजाला ब्यूरो

फतेहपुर

विजन ईआईएस कंसल्टिंग नोएडा की टीम ने मंगलवार को शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना का जायजा लिया। टीम ने नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिकारी और सभासदों के साथ बैठक कर योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

टीम में शामिल डाटा बेस मैनेजर राहुल तिवारी ने बताया कि योजना के तहत तीन श्रेणी के लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। तीन लाख तक की वार्षिक आय वाले ईडब्ल्यूएस आवास के लिए 30 वर्ग फीट और एलआईजी श्रेणी के आवास के लिए 60 वर्ग. मीटर लाभार्थी के पास निजी जमीन होना अनिवार्य है। स्लम पुनर्विकास योजना के तहत सरकारी जमीन पर बहुमंजिले आवास बनाए जाएंगे। इनमें प्रति आवास ढाई लाख रुपये सरकारी अनुदान होगा। शेष धनराशि लाभार्थी को आसान किश्तों में भुगतान करना होगा।

नगर पालिका कार्यालय में बैठक करती विजन ईआईएस कंसल्टिंग नोएडा की टीम।

ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना के तहत निजी जमीन पर आवास का निर्माण कराने वाले लाभार्थी को 6.5 प्रतिशत की दर से ब्याज 15 वर्ष तक सब्सिडी के रूप में भुगतान किया जाएगा। टीम में शामिल वीनस मुस्ताक ने बताया कि शहर का लक्ष्य तीन हजार आवासों का है। आवेदन कराने में सभासद अधिक से अधिक आवेदन करा सकते हैं।

जमा आवेदन फार्मों में 20 प्रतिशत का संस्था स्थलीय सत्यापन करेगी। पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर ईओ नगर पालिका रश्मि भारती, कार्यालय अधीक्षण लालमणि त्रिपाठी, अरुण सिंह, सभासद विनय तिवारी, शादाब अहमद, पुष्पराज पटेल, हबीब आदि मौजूद रहे।